मेरा आपकी कृपा से सब काम हो रहा है | By Mukesh Bagda

मेरा आपकी कृपा से सब काम हो रहा है
करते हो तुम कन्हैया मेरा नाम हो रहा है

पतवार के बिना ही मेरी नाव चल रही है
हैरान है ज़माना मंज़िल भी मिल रही है
करता नहीं मैं कुछ भी सब काम हो रहा है
करते हो तुम कन्हैया मेरा नाम हो रहा है

मेरी ज़िन्दगी में तू है किस बात की कमी है
किसी और चीज़ की अब दरकार भी नहीं है
तेरी दया से बेटा मालामाल हो रहा है
करते हो तुम कन्हैया मेरा नाम हो रहा है

तूफ़ान आँधियों में तुमने ही मुझको थामा
तुम कृष्ण बन के आये जब मैं बना सुदामा
एहसान पर ये तेरा एहसान हो रहा है
करते हो तुम कन्हैया मेरा नाम हो रहा है

मैं तो नहीं हूँ काबिल तेरा पार कैसे पाऊं
टूटी हुई वाणी से गुणगान कैसे गाऊं
तेरी ही प्रेरणा से ये तमाम हो रहा है
करते हो तुम कन्हैया मेरा नाम हो रहा है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%86%e0%a4%aa%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a5%83%e0%a4%aa%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%b8%e0%a4%ac-%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b9%e0%a5%8b/